भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1742
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 31 जुलाई, 2023
09 श्रावण, 1945 (शक)

मध्य प्रदेश में सांस्कृतिक विरासत स्थलों का खराब रखरखाव

1742. श्रीमती हिमाद्री सिंह:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा देश की सांस्कृतिक विरासत के परिरक्षण और संवर्धन के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और विकास पर अब तक कितनी धनराशि खर्च की गई है और तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार मध्य प्रदेश के शहडोल, उमरिया या अनूपपुर जिलों में नए सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को मध्य प्रदेश राज्य में सांस्कृतिक विरासत स्थलों की जीर्ण-शीर्ण स्थिति और खराब रखरखाव के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(च) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस मुद्दे के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): देश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकार क्षेत्र के तहत 3696 केंद्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल हैं। स्मारकों/स्थलों का संरक्षण एक सतत् प्रक्रिया है तथा इसे आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है। इसके अलावा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सांस्कृतिक धरोहर के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विश्व विरासत दिवस, विश्व विरासत सप्ताह, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, आजादी का अमृत महोत्सव आदि अवसरों पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और विकास पर खर्च की गई राशि का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-।** में संलग्न है।

(ग) और (घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा मध्य प्रदेश के शहडोल, उमरिया या अनूपपुर जिलों में नए सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करने का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ङ.) और (च): जी, नहीं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को अभी तक मध्य प्रदेश राज्य में सांस्कृतिक धरोहर स्थलों की जीर्ण–शीर्ण अवस्था और खराब रख-रखाव के बारे में ऐसी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। मध्य प्रदेश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन 291 केंद्रीय संरक्षित स्मारक हैं और वे भली-भांति परिरक्षित हैं।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 31.07.2023 के उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न स. 1742 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

पिछले तीन वर्षों के दौरान केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के संरक्षण और विकास पर किए गए व्यय का ब्यौरा।

(राशि करोड़ रूपये में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	मंडल/शाखा	2020-21	2021-22	2022-23
			व्यय	व्यय	व्यय
1.	उत्तर प्रदेश	आगरा	12.96	19.35	21.15
		झांसी	1.00	4.15	7.00
		लखनऊ	3.88	10. 44	19.03
		सारनाथ	4.38	5. 50	10.15
		मेरठ	0	2. 80	6.20
2.	महाराष्ट्र	औरंगाबाद	3.16	7. 99	18.70
		मुंबई	11.00	1 2.00	15.35
		नागपुर	4.00	4. 50	4.99
3.	कर्नाटक	बैंगलोर	5.27	9. 75	19.85
		हम्पी	9.10	8.00	10.00
		धारवाड़	6.40	7.32	10.08
4.	मध्य प्रदेश	भोपाल	11.50	1 1.50	14.90
		जबलपुर	3.50	4.7 5	8.00
5.	ओडिशा	भुवनेश्वर	3.63	8.23	13.17
6.	पश्चिम बंगाल,	कोलकाता	6.02	7.57	10.16
7.	सिक्किम	रायगंज	1.35	5. 00	7.00
8.	तमिलनाडु , पुडुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	चेन्नई	5.25	8.00	11.45
	तमिलनाडु	त्रिची	2.00	4.00	8.50
9.	पंजाब	चंडीगढ़	0.80	1.50	6.53
	हरियाणा				
10	हिमाचल प्रदेश	शिमला	1.25	1.15	8.90
11	दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र)	दिल्ली	20.82	1 9.08	30.35
		दिल्ली लघु मंडल	3.69	--	--
12.	गोवा	गोवा	3.70	7.00	10.45
13.	असम	गुवाहाटी	3.04	3. 30	7.44
	मेघालय				
	नागालैंड				
	अरुणाचल प्रदेश				
14.	मणिपुर	आइजोल	1.32	1. 25	2.00
	मिजोरम				
	त्रिपुरा				
15.	राजस्थान	जयपुर	7.40	7. 53	10.28
		जोधपुर	4.10	4. 50	7.65
16.	तेलंगाना	हैदराबाद	2.80	6. 80	15.50
17.	आंध्र प्रदेश	अमरावती	4.57	5. 75	11.60
18.	बिहार	पटना	1.23	3.35	9.00
19.	जम्मू एवं कश्मीर (संघ राज्य क्षेत्र)	श्रीनगर	0.80	2.55 _	6.03
		लघु मंडल लेह	0.20	0.43	1.92
20.	केरल	त्रिशूर	2.03	6. 82	7.50

21.	गुजरात दमन और दीव (संघ राज्य क्षेत्र)	वडोदरा	6.36	8.00	11.00
	गुजरात	राजकोट	0.99	2. 50	3.09
22.	उत्तराखंड	देहरादून	4.60	3. 75	4.85
23.	छत्तीसगढ	रायपुर	2.89	4. 7 8	7.50
24.	झारखंड	रांची	0.88	1.16	2.00
		रासायनिक संरक्षण (अखिल भारतीय)	3.80	6.48	9.89
		बागवानी गतिविधि (अखिल भारतीय)	44.75	1 9.32	--
		महानिदेशक कार्यालय	44.42	11. 73	2.77
		संरक्षित	-	--	
		कुल	260.84	2 69.58	391.93

*****